गमड्रॉप कार

के साहसी कारनामे

वैल बिरो

स्कूल फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

गमड्रॉप कार

के साहसी कारनामे

वैल बिरो

मिस्टर जोशिया ओल्डकास्टल के पास गमड्रॉप नाम की एक कार थी. वो उनका गौरव और खुशी थी - एक ऑस्टिन क्लिफ्टन हेवी 12/4, विंटेज 1926. उनके पास होरेस नामक एक कुत्ता भी था, जो एक ब्लैक कॉकर स्पैनियल था. और वो मिस्टर ओल्डकैसल का सबसे अच्छा दोस्त था.

एक गर्मी के दिन मिस्टर ओल्डकैसल को पास के एक स्कूल से एक पत्र मिला.

प्रिय मिस्टर ओल्डकैसल,

हम अगले शनिवार को अपने मेले में एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित कर रहे हैं, और हम चाहते हैं कि आप प्रविष्टियों को जज करें. बहुत अच्छा होगा अगर आप विजेताओं को विशेष पुरस्कार के रूप में अपनी खूबसूरत कार, गमड्रॉप में सवारी करने की अनुमति दें?

सादर,

स्कूल संचालक

मिस्टर ओल्डकैसल को स्कूलों का दौरा करना पसंद था, इसलिए उन्होंने फोन करके बताया कि उन्हें आना अच्छा लगेगा.

शनिवार को उसने गमड्रॉप को स्कूल के सामने, 1911 डैराक्क के बगल में पार्क किया. एक पुरानी दमकल गाड़ी भी प्रदर्शन पर थी और लोगों ने उन चमचमाती मशीनों की प्रशंसा की.

'अब, होरेस,' मिस्टर ओल्डकैसल ने अपने कुत्ते से कहा, 'तुम यहीं रहो और गमड्रॉप की रखवाली करो.' होरेस पूरी तरह बात समझ गया, और वो तुरंत पिछली सीट पर जाकर बैठ गया.

खेल के मैदान पर मेला अपने पूरे शबाब पर था. वहाँ एक उछलने वाला महल और सवारी देने वाली एक छोटी डबल डेकर बस थी; वहाँ हर प्रकार के कुत्ते सर्वश्रेष्ठ कुत्ते प्रतियोगिता के लिए तैयार हो रहे थे. एक छोटा गोल चक्कर, एक विशाल स्टीमर, करतब दिखाने वाला जोकर और बगल में कई दुकानें और स्टैंड थे.

फैंसी ड्रेस में बच्चे और कुछ बड़े लोग भी थे. मिस्टर ओल्डकैसल ने एक समुद्री डाकू, एक बिजूका, एक लिटिल बो-पीप और एक मैड-हैटर देखा; एक डरावनी चुड़ैल, एक पीटर खरगोश और यहां तक कि एक खिलौना गमड्रॉप कार में बैठा एक छोटा लड़का भी.

उन्हें वे सभी पसंद आये - हालाँकि उन्होंने वहां मौजूद रोबोट और टैट गोरिल्ला जैसे कपड़े पहने लोगों की ज्यादा परवाह नहीं की.

कुछ देर सोचने के बाद मिस्टर ओल्डकैसल ने विजेताओं की घोषणा की: 'समुद्री डाकू, छोटा बो-पीप, और खिलौना गमड्रॉप कार में बैठा लड़का! और उनका विशेष पुरस्कार - आज असली गमड्रॉप में सवारी. चलो, मेरे पीछे आओ!'

उन्होंने सोचा कि वो दूर से होरेस को भौंकते हुए सुन सकेंगे, इसलिए वो तेजी से स्कूल के सामने की ओर चले. उनके पीछे-पीछे तीनों बच्चे भी तेजी से भागे.

डैराक्क और पुरानी दमकल गाड़ी अभी भी वहीं थीं, और छोटी डबल डेकर बस भी वहां थी जो अभी-अभी खेल के मैदान से लौटी थी.

लेकिन गमड्रॉप नदारद थी! उसका कोई नामो-निशां नहीं था. तब मिस्टर ओल्डकैसल को याद आया कि वो कार का गुप्त पेट्रोल स्विच, बंद करना भूल गए थे. गमड्रॉप कार चोरी हो गई थी. यह बड़ी भयावय बात थी!

'गमड्रॉप कहाँ है?' बच्चों ने पूछा.

वो बहुत भयानक था! उनकी कीमती कार चोरी हो गई थी, और उसके अंदर होरेस बैठा था. उन्हें तुरंत पीछा करना होगा! मिस्टर ओल्डकैसल को तुरंत लिफ्ट की आवश्यकता थी, लेकिन डैराक्क कार और दमकल गाड़ी के ड्राइवर दोनों खेल के मैदान में थे.

बस ड्राइवर ने कहा, 'आइए मेरी बस आपको लिफ्ट देगी.'

खैर, एक डबल-डेकर बस! वैसे वो बहुत छोटी थी, लेकिन कुछ नहीं होने से बेहतर थी, इसलिए मिस्टर ओल्डकैसल उसकी सीढ़ियों पर चढ़ गए. बच्चे पहले से ही बस के ऊपर चढ़ गए थे.

'कसकर पकड़कर रखना!' बस चलते ही ड्राइवर ने चेतावनी दी.

डबल-डेकर बस एक अच्छी बस थी, लेकिन वो बहुत तेज़ नहीं थी. जब वे चौराहे पर पहुँचे, तब तक गमड्रॉप और होरेस गायब हो गए थे. 'गमड्रॉप कहाँ है?' बच्चों ने विलाप करते हुए पूछा. मिस्टर ओल्डकैसल, सीढ़ियों पर उछलते हुए बुरी तरह कराह उठे. 'इस दर पर हम उन्हें कभी नहीं पकड़ पाएंगे!'

छोटी बस धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी, तभी अचानक उनके पीछे से हार्न की आवाज आई. वो 1911 वाली डैराक्क कार थी!

'क्या आपको लिफ्ट चाहिए?' ड्राइवर मिस्टर बार्कर ने पूछा.

'ओह, हाँ कृपया!' मिस्टर ओल्डकैसल ने उत्सुकता से कहा. देखो, एक बड़ी कार छोटी बस से कहीं अधिक तेज़ होगी. इसलिए वो और बच्चे बस से कूदकर कार में बैठ गए.

लेकिन पुरानी डैराक्क असल में बहुत तेज़ नहीं थी. जैसे-जैसे वे आगे बढ़े बच्चे चिल्लाते रहे: 'गमड्रॉप कहाँ है? गमड्रॉप कहाँ है?' वे उसे कहीं भी नहीं देख पा रहे थे.

जब वे एक गाँव में पहुँचे, तो मिस्टर ओल्डकैसल ने सोचा कि उन्हें आगे एक कुत्ते के भौंकने की आवाज़ सुनाई दी थी. होरेस? लेकिन वो पक्की तौर पर नहीं कह सकते थे क्योंकि तभी उनके पीछे एक जरूरी घंटी बजने लगी - क्लैंग, क्लैंग.

वो एक पुरानी दमकल गाड़ी थी! 'क्या आपको लिफ्ट चाहिए?' पीतल की हेलमेट पहने ड्राइवर ने पूछा. मिस्टर ओल्डकैसल ने सहर्ष स्वीकार कर लिया क्योंकि एक दमकल गाड़ी निश्चित रूप से 1911 डैराक्क कार से तेज़ होगी. 'हम अब गमड्रॉप को पकड़ लेंगे!' ऊपर चढ़ते समय उन्होंने कहा. बच्चों ने कार से हाथ हिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं.

घंटियाँ बजती हुई दमकल गाड़ी गाँव में घूमती रही. 'आग कहाँ लगी है?' सुरक्षा के लिए कूदते समय लोगों ने पूछा.

'आग की परवाह मत करो!' मिस्टर ओल्डकैसल चिल्लाए.
'मुझे यह बताओ कि गमड्रॉप कहाँ है

रेलवे क्रॉसिंग पर लाइटें चमकने लगीं, बैरियर नीचे आ गया और दमकल गाड़ी को वहां रुकना पड़ा. क्रॉसिंग के दूसरी ओर गमड्रॉप थी, जो तेज़ी से चली जा रही थी!

क्या आपको लिफ्ट चाहिए?' ट्रेन के ड्राइवर ने पूछा.

मिस्टर ओल्डकैसल ऐसी स्थिति में थे कि उनके लिए सोच पाना मुश्किल था, इसलिए वो तेजी से आगे बढ़े और ट्रेन में चढ़ गए. वैसे भी, उन्होंने सोचा, एक ट्रेन किसी पुराने दमकल इंजन से कहीं तेज़ होगी.

ट्रेन इतनी तेज़ थी कि कुछ ही देर में उसने गमड्रॉप को पकड़ लिया. और मिस्टर ओल्डकैसल ने देखा कि ड्राइवर कोई और नहीं बल्कि गोरिल्ला था! हाँ, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता वाला मोटा गोरिल्ला, उसकी बगल में रोबोट था और पीछे होरेस बैठा था, जो लगातार भौंक रहा था. बड़ी अजीब स्थिति थी!

'रुको! रुको!' मिस्टर ओल्डकैसल दौड़ते हुए चिल्लाये.

'वो गमड्रॉप मेरी कार है!'

लेकिन उन्हें निराशा हुई. आगे सिग्नल लाल हो गया - इसलिए ट्रेन को रुकना पड़ा. वो असहाय होकर देखते रहे जबकि गमड्रॉप तेजी से आगे बढ़ती रही, दाहिनी ओर मुड़ी और फिर खेत की सड़क पर तेजी से आगे बढ़ी. मिस्टर ओल्डकैसल तुरंत हरकत में आये. वो ट्रेन से कूदे और अपनी कीमती कार के पीछे तेजी से दौड़े.

लेकिन निस्संदेह, वो निराशाजनक था. वो कभी भी गमड्रॉप को दौड़कर नहीं पकड़ सकते थे. धूल के गुबार के अलावा कार का कोई नामोनिशान नहीं था.

तभी उनकी नजर एक ट्रैक्टर पर पड़ी.

'क्या आपने गमड्रॉप देखी है?' उन्होंने हताशा में किसान से पूछा.

'मुझे गमड्रॉप का कुछ पता नहीं,' किसान गुर्राया. 'लेकिन मेरी भेड़ें कहां है?

'वे बाहर निकलकर वहाँ उस पहाड़ी पर गई हैं!'

किसान ने अपना इंजन तेज़ किया और मिस्टर ओल्डकैसल ट्रैक्टर पर चढ़ने में कामयाब रहे. फिर ट्रैक्टर भेड़ों के पीछे दौड़ता रहा.

पहाड़ी की चोटी से वे यह सबकुछ देख सकते थे. वहां नीचे टेढ़ी-मेढ़ी सड़क थी. भेड़ों ने सड़क को रोक रखा था. और वहाँ गमड्रॉप, भेड़ों द्वारा अवरुद्ध होकर स्थिर खड़ी थी.

'यही मेरा मौका है!' मिस्टर ओल्डकैसल विजयी भाव से चिल्लाए. फिर वो तुरंत ट्रैक्टर से नीचे उतरे.

वो उछले और पहाड़ी से नीचे कूदते हुए गए. उन्होंने अपने हाथ लहराए और वो चिल्लाए: 'रुको, चोर, रुको!' वो इतनी ज़ोर से चिल्लाये कि भेड़ें भी डर गईं और दूर भाग गईं. ट्रैक्टर ने तेजी से उनका पीछा किया.

अब जब सड़क साफ़ थी, तब गमड्रॉप धूल उड़ाते हुए फिर तेज़ी से आगे बढ़ी.

जब तक मिस्टर ओल्डकैसल सड़क पर पहुंचे, गमड्रॉप जा चुकी थी. वो केवल इंजन की धीमी होती आवाज और दूर से कुत्ते के भौंकने की आवाज ही सुन पा रहे थे. वो हताश हो गए. बेचारे मिस्टर ओल्डकैसल अत्यंत निराशा में वहीं खड़े रहे. क्या वो गमड्रॉप और होरेस को दोबारा देख पाएंगे?

तभी उन्हें एक आवाज़ सुनाई दी. 'क्या आपको लिफ्ट चाहिए?'

मिस्टर ओल्डकैसल का दिल उछल पड़ा जब उन्होंने अपने पीछे एक छोटी हरी कार देखी. वो 1923 की ऑस्टिन सेवन "चम्मी" कार थी, और उसे ओर कोई नहीं बल्कि उनका पुराना दोस्त, माइक चला रहा था!

'बढ़िया!' मिस्टर ओल्डकैसल चिल्लाए और अंदर बैठ गए.

अब, हालाँकि चम्मी गमड्रॉप से छोटी कार थी, लेकिन माइक, गोरिल्ला से कहीं बेहतर ड्राइवर था. उसने घुमाव वाले खेत में इतनी तेजी से गाड़ी चलाई जिससे चोर जल्द ही पकड़ में आ गए. उनके ठीक सामने गमड्रॉप था!

'तुम मुझे पकड़ नहीं सकते!' गोरिल्ला चिल्लाया और उसने अपने पैर से एक्सेलरेटर दबा दिया. गमड्रॉप इतनी आश्चर्यजनक गति से आगे बढ़ी कि चम्मी उसके सामने टिक नहीं सकी.

फिर मिस्टर ओल्डकैसल कार में खड़े हुए और उन्होंने चिल्लाकर अपने कुत्ते को आदेश दिया. 'होरेस! गमड्रॉप को बंद करो!'

उस चतुर कुत्ते ने जो गमड्रॉप के पीछे बैठा था, तुरंत आज्ञा का पालन किया. वो गोरिल्ला और रोबोट के बीच में कूद कर बैठ गया और उसने डैशबोर्ड पर इग्निशन स्विच को दबा दिया. फिर, उसने बटन को काट डाला.

गमड्रॉप्स का इंजन बंद हो गया और फिर कार रुक गई. चोर अब कुछ भी नहीं कर सकते थे, इसलिए वे बाहर कूदे और उन्होंने भागने की कोशिश की. लेकिन वहां चम्मी कार थी, जो उनके सामने फिसलकर रुक गई.

तुरंत, मिस्टर ओल्डकैसल ने छलांग लगाई और गोरिल्ला को पकड़ लिया; माइक ने छलांग लगाई और रोबोट को पकड़ लिया - और फिर होरेस दोनों चोरों पर गुर्राने लगा.

चोर पकड़े गए और गमड्रॉप सुरक्षित मिली.

तभी एक पुलिस की गाड़ी आई, जिसके पीछे-पीछे पुरानी दमकल गाड़ी, और बच्चों के साथ डैराक्क भी आ रही थी. पुलिस इंस्पेक्टर काफी गंभीर दिखे.

'मुझे यकीन है कि हमारे यहां के दो कुख्यात विंटेज-कार चोर हैं जिन पर हम सदियों से नज़र रख रहे थे.'

इसके साथ ही उसने रोबोट और मोटे गोरिल्ला के नकली नकाब हटा दिए.

'मैं इन दोनों को जानता हूं!' मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा, जिन्होंने उन्हें तुरंत पहचान लिया.

'वो बैटरी बीटल है, जो कार-चोर है, और यह डायनो डॉज है, जो विंटेज-कारों का प्रसिद्ध चोर है.'

इंस्पेक्टर ने तुरंत उन दोनों को गिरफ्तार कर लिया और बच्चे खुशी से झूम उठे.

अंत में सब ठीक रहा. माइक के पास गमड्रॉप के लिए एक अतिरिक्त स्विच था, इसलिए बच्चों को आखिरकार उनकी विशेष सवारी भी मिल गई. सबसे बढ़कर, मिस्टर ओल्डकैसल को अपनी पुरानी कार फिर से सुरक्षित मिल गई और उनका चतुर कुत्ता होरेस भी अब सुरक्षित और खुश था.

फिर वे सभी विजयी होकर स्कूल वापस गए. जुलूस का नेतृत्व करने के लिए छोटी बस आई, और जब वे सभी इंतजार कर रही भीड़ के सामने रुके, तो एक जोरदार जय-जयकार गूंज उठी: 'गमड्रॉप जिंदाबाद!'

अंत